Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide stoppage of Utkal Express (Train No. 18477/78) at Sonua Railway station in Singhbhum Parliamenatry Constituency, Jharkhand

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) ः दक्षिण पूर्व रेलवे अंतर्गत चक्रधरपुर रेलवे प्रबंधक कार्यालय अंतर्गत सोनवा रेलवे स्टेशन मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम (झारखण्ड) अंतर्गत है। इस रेलवे स्टेशन के आस-पास विशाल औद्योगिक क्षेत्र है जहां पर ओडिशा, उत्तर प्रदेश एवं बिहार के मजदूर काम करते हैं। यह रेलवे स्टेशन एक दर्शनीय स्थल के रूप में माना जाता है। सोनवा रेलवे स्टेशन के आस-पास के लोगों के बीच पुरी के जगन्नाथ मन्दिर एवं कोणार्क मन्दिर एवं भुवनेश्वर के लिंगराज मन्दिर के प्रति लोगों में काफी श्रद्धा है और प्रायः इसके लिए पुरी एवं भुवनेश्वर आते-जाते हैं। दूसरे राज्यों से अनेक लोग परिवार के साथ सोनवा रेलवे स्टेशन के आस-पास क्षेत्रों के दर्शनीय स्थानों पर घूमने के लिए आते हैं। इस सोनवा रेलवे स्टेशन पर निजामुद्दीन-पुरी के बीच चलने वाली उत्कल एक्सप्रेस अप 18477 एवं डाउन 18478 का ठहराव अति आवश्यक है। कई सालों से इसकी लगातार मांग भी की जा रही है, परंतु अभी तक उक्त रेल गाड़ी का ठहराव अभी तक नहीं किया गया है।

सरकार से अनुरोध है कि निजामुद्दीन-पुरी के बीच चलने वाली उत्कल एक्सप्रेस अप 18477 एवं डाउन 18478 का ठहराव सोनवा रेलवे स्टेशन पर किया जाये।